सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

राजभवन देहरादून 04 दिसम्बर, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को राजपुर रोड स्थित राष्ट्रीय जलसर्वेक्षण कार्यालय में नौसेना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान राज्यपाल ने ”इण्डियन वार्निंग इनफार्मेशन एंड नेविगेशन सर्विस“ व ”मैरीटाइम इनफार्मेशन चार्ट“ का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे।

राज्यपाल ने देशवासियों को नौसेना दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना पर हम सब को गर्व है। उन्होंने कहा कि आज के दिन 1971 के भारत–पाक युद्ध के दौरान भारतीय नौसेना के श्ऑपरेशन ट्राइडेंटश की उपलब्धियों को भी याद करने का दिन है।

राज्यपाल ने कहा कि जिस ट्रांसफ़ॉर्मेशन, डिजिटलिटी के साथ भारतीय नौसेना काम कर रही है, वह हम सब के लिए गर्व की बात है।

इस दौरान चीफ़ हाइड्रोग्राफ़र, वॉइस एडमिरल अधीर अरोड़ा ज्वाइंट चीफ़ हाइड्रोग्राफ़र, रियल एडमिरल लोचन सिंह पठानिया समेत नौसेना के अफ़सर मौजूद रहे।

....0..........

सूचना परिसर राजभवन, उत्तराखण्ड टे0/फै0 0135–2756172